>

Title: Need to establish a Mining College in Singrauli, Madhya Pradesh-laid.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मेरा माननीय माननीय शिक्षा मंत्री, कोयला मंत्री ऊर्जा मंत्री एवं खनन मंत्री महोदय से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी (मध्य प्रदेश) अंतर्गत औद्योगिक जिला सिंगरौली है,जो सर्वाधिक कोयला व बिजली उत्पन्न करने के कारण ऊर्जा राजधानी के नाम से जाना जाता है, परंतु मैं आपको बताना चाहती हूँ कि जो जिला खनिज व ऊर्जा पर्याप्त मात्रा मे उत्पन्न करता है वही जिला आज तक माइनिंग कॉलेज से वंचित है । यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि जिस क्षेत्र मे इतनी बड़ी बड़ी कंपनिया काम कर रही उसी क्षेत्र के लोंगों की भूमि से खनिज व ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है और उन्हीं लोगों को इस विषय का कौशल नही है । कुछ स्थानीय लोग उन कंपनियो मे रोजगार प्राप्त कर चुके हैं परंतु अन्य बहुत सारे लोग विस्थापित होकर अपनी ही जमीन के बदले रोजगार की भीख मांग रहे है जबकि वो उनका हक है-

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि क्षेत्रीय जनो की समस्याओ पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सिंगरौली मे माइनिंग कॉलेज की स्वीकृति प्रदान कर संचालित कराने की कृपा करें|